BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 23 जून, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# श्री जगन्नाथ मठ में भगवान जगन्नाथ का महास्नान कार्यक्रम सम्पन्न



**हैदराबाद, 22 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सीताराम बाग स्थित श्री जगन्नाथ स्वामी मठ में ज्येष्ठ-स्नान पूर्णिमा के पावन अवसर पर भगवान जगन्नाथ का महास्नान 108 कलश अभिषेक कार्यक्रम भव्यता से सम्पन्न हुआ।आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि श्री जगन्नाथ मठ माधवदास झिरा के तत्वावधान मे प्रतिवर्षानुसार श्री श्री श्री त्रिदण्डी श्रीनिवास व्रतधर नारायण रामानुर्जा जीयर स्वामीजी के आशीर्वाद से शनिवार को प्रातः शुभ मुहूर्त मे देवविग्रहो को मंदिर से बाहर लाया गया। मध्यान्ह 12.15 बजे से जल यात्रा (108 कलश अभिषेक), आदि अनुष्ठान आचार्य प्रवीण स्वामी के सानिध्य मे भव्यता से सम्पन्न हुए। आज के मुख्य यजमान किशन धनराज सोनी परिवार थे। कार्यक्रम मे श्री श्री श्री त्रिदंडी अहोबिलम जियर स्वामीजी, श्री जगन्नाथ मठ (माधवदास झीरा) के महंत स्वामी अच्युत रामानुजार्य, 1008 श्री शालीग्रामाचार्य शास्त्री (प्रयागराज), गिरधर आचार्य, मठ के शुभचिन्तक श्रीगोपाल सोनी, समाजसेवी नरसिंगदास कासट एवं गुलाबचंद देवडा, चक्रवर्ति दिव्या रमन्ना, लव फोर काऊ फाउण्डेशन के ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, पवन अग्रवाल, अर्जुनलाल अग्रवाल, रमेश मोदानी, राजेश तोशनिवाल, दुर्गाप्रसाद दुबे, भरत कलंत्री, दिलीप अग्रवाल, गोपाल राठी, कलमा लाहोटी, भगवानदास जाजु, रमेश मोदाणी, मधुसूदन शर्मा, जितेन्द्र अवस्थी, राहुल किशोर अवस्थी, प्रशांत, कुलदिप व्यास, गोपाल व्यास, भरत कलंत्री, आलोक तिवारी, डा. आलोक शुक्ला, रूपेश व्यास, आशीष काकडा, रोहित अग्रवाल, राजु वर्मा, कांता अग्रवाल, विणा काबरा, राधा कंकाणी, सुनिता चौधरी, सोनम शुक्ला, स्वीकृति अजय स्वामी, कलावती, विजयलक्ष्मी तनवर, प्रेमा दाहिमा आदि मठ के कई धर्म प्रेमियों ने भाग लिया।

# दमरे महाप्रबंधक अरुण जैन ने फलकनुमा और विशाखा एक्सप्रेस का किया निरीक्षण

## सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर स्लीपर क्लास कोचों और पेंट्री कार कोच की भी की जांच





**हैदराबाद, 22 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने शनिवार को सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर सिकंदराबाद-हावड़ा फलकनुमा एक्सप्रेस और सिकंदराबाद-भुवनेश्वर विशाखा एक्सप्रेस का विस्तृत निरीक्षण किया। जांच के दौरान उनके साथ मुख्यालय और मंडल के वरिष्ठ रेलवे अधिकारी भी मौजूद थे।

दमरे महाप्रबन्धक अरुण कुमार जैन ने सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण शुरू किया, जिसमें उन्होंने उपलब्ध यात्री सुविधाओं की समीक्षा की और सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण किया। इसके अलावा, महाप्रबंधक ने सिकंदराबाद-हावड़ा फलकनुमा एक्सप्रेस का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने स्लीपर क्लास कोचों की जांच की, जिसमें उन्होंने कोच की साफ-सफाई देखी और रोशनी, पंखे और पानी की सुविधा की कार्यशील स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने पेंट्री कार कोच की भी जांच की, जिसमें उन्होंने सुरक्षा सावधानियों और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की समीक्षा की।

बाद में महाप्रबंधक ने सिकंदराबाद-भुवनेश्वर विशाखा एक्सप्रेस का निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रेन के एसी और स्लीपर क्लास कोच की जांच की। उन्होंने ट्रेन में साफ-सफाई देखी और यात्री सुविधाओं का जायजा लिया।

# दमरे की ज्योतिर्लिंग के साथ दिव्य दक्षिण यात्रा का हुआ शुभारंभ

## 20वीं भारत गौरव पुण्य क्षेत्र यात्रा ट्रेन सिकंदराबाद से हुई रवाना



**हैदराबाद, 22 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) की भारत गौरव ट्रेनों को रेल उपयोगकर्ताओं से जबरदस्त सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। पर्यटक सर्किट ट्रेन के रूप में शुरू की गई, जो दो तेलुगु राज्यों के रेल यात्रियों को एक अनूठा अवसर प्रदान करती है, ट्रेन ने शनिवार 22 जून को सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन से 592 यात्रियों के साथ अपनी एक और यात्रा शुरू की है और दक्षिणी राज्यों तमिलनाडु और केरल के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को कवर करेगी। 20वीं भारत गौरव ट्रेन की यात्रा श्रीमती एवं श्री रवीन्द्रनाथ के साथ शुरू हुई। ट्रेन में यात्रा कर रहे वरिष्ठ नागरिकों ने सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन से इसकी शुरुआत की। ज्योतिर्लिंग के साथ दिव्य दक्षिण यात्रा का नौ दिवसीय दौरा तेलंगाना और आंध्र प्रदेश राज्यों के रेल यात्रियों/तीर्थयात्रियों को तिरुवन्नामलाई (अरुणाचलम), रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी, तिरुवनंतपुरम, त्रिची और तंजावुर जैसे महत्वपूर्ण स्थलों की यात्रा करने का एक शानदार अवसर प्रदान करेगा। गौरतलब है कि यह ट्रेन तेलंगाना के सिकंदराबाद, काजीपेट, वारंगल और खम्मम स्टेशनों के साथ-साथ आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा, तेनाली, ओंगोल, नेल्लोर, गुडुर और रेनिगुंटा स्टेशनों पर यात्रियों को बोर्डिंग/डी-बोर्डिंग की सुविधा प्रदान करती है।रेल यात्रियों को ट्रेन द्वारा प्रदान किए गए अनूठे अवसर को देखते हुए, न केवल सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन से बल्कि मार्ग के स्टेशनों से भी यात्री भारत गौरव ट्रेन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए आगे आए हैं। ट्रेन मिश्रित संरचना के साथ एसी और नॉन-एसी दोनों यात्रियों को अवसर प्रदान करती है। 2 एसी (1), 3 एसी (3) और स्लीपर (7)। सभी वर्गों के संरक्षण को दर्शाते हुए, सिकंदराबाद स्टेशन के साथ-साथ रास्ते के स्टेशनों के रेल यात्रियों ने एसी और गैर-एसी दोनों ट्रेन सेवाओं का लाभ उठाया है।

दमरे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने दमरे से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन को यात्रियों से मिली अच्छी प्रतिक्रिया पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा

कि भारत गौरव ट्रेनें देश में आध्यात्मिक पर्यटन के विकास को बढ़ावा देंगी। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रेन तीर्थयात्रियों को व्यक्तिगत यात्रा कार्यक्रम की योजना बनाने की परेशानी के बिना सांस्कृतिक रूप से प्रमुख और ऐतिहासिक स्थानों की यात्रा करने का एक शानदार अवसर प्रदान करती है।

# विजयानंद वैदिक स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**हैदराबाद, 22 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत विकास परिषद की आदेश्वर शाखा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़ी धूमधाम से विजयानंद वैदिक स्कूल कवाडीगुडा में मनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष मानिकचंद समदड़िया, मानद मंत्री दिलीप मखाना, सह मंत्री प्रेम मार्लेचा, कोषाध्यक्ष संतोष बेद ने दीप प्रज्वल कर किया। संगठन मंत्री राखी जैन ने कहां की योग में वैदिक विद्यालय के बालकों ने, संयोजक अंजनैयुलू एवं रमेश लुणावत ने भाग लिया एवं योग कलाओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को आनंद धारीवाल परिवार ने पुरस्कृत किया।

# महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र ने मनाया योग दिवस




**हैदराबाद, 22 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र ने क्लासिक गार्डन सिकंदराबाद में योग दिवस मनाया। यहां पर जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में वीरा प्रभा दूगड़ ने बताया कि टीसीईएल,टीईएफए द्वारा आयोजित यू ग्लैमर इंटरनेशनल डे आॉफ योगा के बैनर टेल एम आई हैदराबाद सेंटर में भी योग दिवस मनाया ।

चेयरपर्सन वीर विनोद संचेती, सचिव वीर अनूप वडेरा, वीर शील कुमार जैन, वीरा रेनूका चौरडिया, वीरा प्रभा दूगड़, वीर किशोर नाहटा, वीर निलेश सुराणा और वीर कुशल बरलोटा आदि सदस्यों ने भाग लिया। जुंबा, हठ योग, प्राणायाम, ध्यान आदि शारीरिक और मानसिक योग के साथ कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा। वीर विनोद संचेती ने महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यों के बारे में बताते हुए वहां पर कपड़े की थैली मेरी सहेली का भी प्रचार प्रसार किया तथा सौ कपड़े की थैली का वितरण किया। सभी ने इस कदम को सराहनीय बताया ।

वीर अनुप बढ़ेरा ने आयोजक, प्रायोजक, संयोजक, संदीप जैन और उनकी कमेटी और नामधारी इवेंट्स को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। लगभग डेढ़ घंटे के कार्यक्रम में सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जुंबा इंस्ट्रक्टर ज्योति सुकुमार ने और योगा ट्रेनर सोनाली ने बहुत ही सरल और अच्छे तरीके से शरीर को, मन को और दिमाग को स्वस्थ तथा फिट रखने के व्यायाम और प्राणायाम करवाए तथा सभी से प्रतिदिन व्यायाम करके अपने आपको तथा अपने परिवार को स्वस्थ रखने की अपील की।

# दादाजी योग ग्रुप ने मनाया दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**हैदराबाद, 22 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दादाजी योगा ग्रुप द्वारा योग दिवस कुत्बीगुड़ा स्थित किसना ग्रैंडुअर के छत पर योगों की क्रियाएं को करते हुए वरिष्ठ योगाचार्य 102 वर्षीय रतनलाल जाजू के निर्देशन में संपन्न हुआ।

रतनलाल जाजू के साथ योग शिक्षक रमाकांत अग्रवाल, वेंकट रेड्डी और सीए श्याम मोदानी ने संचालन कर योग के महत्व को समझाया और प्रेरित किया। साधकों ने योग के विषय में अपनी अपनी शंकाएं भी पूछ कर दूर की। यह योग कक्षा प्रतिदिन नि:शुल्क सभी जन के लिए उपलब्ध है। साधकों में उपस्थित रहने वालों में रूप किरण, चित्रा, संध्या, प्रतिभा मालपानी, भारती, स्नेहा, निधि, सरला सोनी, प्रेमलता मोदानी, कल्पना सोनी, प्रदीप जाजू, किरण अग्रवाल, के के सोनी, ओमप्रकाश मोदानी, कीर्ति, सरोज, लीला मोदानी, प्रेमा सोनी आदि ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

# प्रेक्षा फाउंडेशन एवं श्री जैन श्वेताबर सभा ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**हैदराबाद, 22 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** प्रेक्षा फाउंडेशन के तथा श्री जैन श्वेताबर सिकन्दराबाद सभा के तत्वावधान में डीवी कॉलोनी तेरापंथ भवन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रातः 6:30 से 8:00 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें सहयोगी संस्थाएं तेरापंथ महिला मंडल, तेयुप व अणुव्रत समिति का सहयोग रहा। योग दिवस की शुरुआत नमस्कार महामंत्र से हुई। मंगलाचरण आत्म साक्षात्कार प्रेक्षा ध्यान के द्वारा गीतिका के संगान से भाइयों के द्वारा किया गया।

सिकन्दराबाद सभा अध्यक्ष सुशील संचेती ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बार-बार होना चाहिए। सभा के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल बैद ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व आयुष मंत्रालय के द्वारा आयोजित कार्यक्रम और प्रेक्षा फाउंडेशन को बधाई दी। इस अवसर पर योग क्रिया, खड़े और बैठ कर किए जाने वाले आसन, लेट कर किए जाने वाले आसन, प्राणायाम, कायोत्सर्ग, ध्यान आदि प्रेक्षा प्रशिक्षक बबीता संचेती रीटा सुराणा ने करवाया। आनंद नौलखा ने मनोयोग के बारे में जानकारी दी। मुकेश कटारिया ने लाफ्टर योग की थेरेपी करवाई और सरल प्रकाश भूतोंड़िया ने योग दिवस पर गीत का संगान किया। आभार ज्ञापन सिकंदराबाद सभा के मंत्री हेमंत संचेती ने किया। योग दिवस के संयोजक राकेश सुराणा, अरिहंत गुजरानी व विनय सुराणा थे। लगभग 35 साधको की उपस्थिति रही।

बोवेनपल्ली सिकन्दराबाद में भी संतोष प्रताप सुराणा के निवास स्थान पर योग दिवस का आयोजन किया गया। इसकी संयोजिका अंजना भादानी, विनीता दुगड़ थी। लगभग 22 बहने उपस्थिति थीं। इसके अलावा न्यू बोवेनपल्ली में अमोद चंदन कोठारी के निवास स्थान पर योग दिवस का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 13 बहनों की उपस्थिति रही। इसमें संयोजीका नेहा सिंघी व चंदन कोठारी थे। साथ ही बबिता अशोक संचेती के निवास स्थान मारडपल्ली में भी योग दिवस आयोजित किया गया। यहां कार्यक्रम ऑनलाइन और ऑफलाइन किया गया। इसमें संयोजक तुषार संचेती थे। हिमायतनगर तेरापंथ भवन में भी योग दिवस मनाया गया जिसे योग पशिक्षिका डिंपल बेद के संयोजकत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य व्यक्ति एवं महिला मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। सभी जगह पर प्रेक्षा वाहिनी संवाहक रीटा सुराणा ने सभी साधकों का स्वागत किया।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची पुलिस पर पथराव, कई पुलिसकर्मी घायल

**हैदराबाद, 22 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मियापुर में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान शनिवार को भीड़ द्वारा किए गए पथराव में कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, कुछ लोगों ने मियापुर में स्थित लगभग 600 एकड़ जमीन पर शेड और झोपड़ियां बनाई थीं और वे सरकार से उन्हें जमीन आवंटित करने की मांग कर रहे थे। जमीन के मालिकाना हक को लेकर कोर्ट में मामला विचाराधीन है। राजस्व अधिकारियों ने जमीन एचएमडीए को सौंप दी थी।एक शिकायत पर पुलिस एचएमडीए के अधिकारियों के साथ जमीन खाली कराने के लिए मौके पर गयी थी। तनाव बढ़ने पर पुलिस और एचएमडीए अधिकारियों ने लोगों को हटाने की कोशिश की। पुलिस जब अतिक्रमणकारियों को खदेड़ रही थी तो भीड़ ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। पथराव से खुद को बचाने के लिए पुलिसकर्मी मौके से भाग खड़े हुए। पुलिस ने बाद में बल जुटाया और लोगों को फिर से वहां से हटाने की कोशिश की। पुलिस पर पथराव करने के आरोप में पुलिस ने कुछ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



कुमावत समाज तेलंगाना द्वारा तुमकुंटा में आयोजित सम्मान समारोह में राजस्थान निमाज से पधारे पंच मांगीलाल डैय्या, सुरेशकुमार हड़ीवाल, आप और हम के अध्यक्ष धर्मोचन्द कुमावत, गिरधारीलाल मंगलोड़ा पटेलनगर, सूरत से पधारे कुमावत समाज के सचिव बाबुलाल मोटावत, ओमप्रकाश हांगर, बुद्धाराम होतवाल, धर्माराम डैय्या, जयप्रकाश चांदोरा, मोतीलाल भोमावत, अणदाराम मनावत, प्रकाश मालीया, नारायणलाल घोड़ावड़, ढगलाराम बाकरेचा, कालुराम मावर, राजूराम बाकरेचा, आसुराम चांदोरा, सीआर रेणवाल, कुमावत समाज तेलंगाना के अध्यक्ष सोनाराम तिलायचा।


## तेलंगाना में किसानों को मिली बड़ी राहत

# सरकार ने माफ किया 2 लाख तक का लोन

**हैदराबाद, 22 जून (एजेंसियां)।**

किसानों की आर्थिक समस्या को ध्यान में रखते हुए तेलंगाना सरकार ने कर्जमाफी का ऐलान किया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि दो लाख रुपए की कर्ज माफी जल्द ही लागू हो जाएगी। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद प्रेस से बातचीत में सीएम रेड्डी कहा कि 2018 से 2023 के बीच जिन भी किसानों ने दो लाख रुपए तक का कर्ज लिया है, उन्हें एकमुश्त माफ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि मंत्रिमंडल ने 12 दिसंबर 2018 से नौ दिसंबर 2023 तक पांच साल की अवधि के लिए राज्य के किसानों द्वारा लिए गए दो लाख रुपए के कर्ज को माफ करने का फैसला किया है। सीएम ने कहा कि पात्रता शर्तों सहित ऋण माफी का विवरण जल्द ही एक सरकारी आदेश (जीओ) में घोषित किया जाएगा।



राज्य सरकार पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को लेकर सीएम रेड्डी ने कहा कि कर्ज माफी से राज्य के खजाने पर लगभग 31,000 करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली बीआरएस सरकार ने एक लाख रुपए की कर्ज माफी के अपने वादे को ईमानदारी से लागू नहीं करके किसानों और खेती को संकट में डाल दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार दो लाख रुपए के कृषि ऋण माफी के अपने चुनावी वादे को पूरा कर रही है।

गौरतलब है कि इससे पहले झारखंड में किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा हुई थी। राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा था कि उनकी गठबंधन सरकार किसानों के दो लाख रुपए तक के कृषि ऋण माफ करेगी। इसके साथ ही फ्री बिजली कोटा को बढ़ाकर 200 यूनिट करेगी। इसके लिए उन्होंने कई बैंक से प्रस्ताव पेश करने के लिए कहा था। सीएम चंपई सोरेन के अनुसार 31 मार्च 2020 तक किसानों के 50 हजार से लेकर 2 लाख तक के लोन को वन टाइम सेटलमेंट के माध्यम से माफ किया जाएगा

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव से चार महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस किसानों की कर्जमाफी का वादा किया था। राज्य में कांग्रेस ने बीआरएस को बुरी तरह हराकर सत्ता हासिल की थी और ए रेवंत रेड्डी को सीएम बनाया था। अब लोकसभा चुनाव के बाद रेड्डी ने राज्य में कर्ज माफी करने का ऐलान कर दिया है।

# वर्ष 2029 में तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी : किशन रेड्डी

## केन्द्रीय मंत्री ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने का किया आग्रह

**हैदराबाद, 22 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

केंद्रीय कोयला और खनन मंत्री जी किशन रेड्डी ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वर्ष 2029 में तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बनेगी। इसके लिए उन्होंने कार्यकर्ताओं से मिलकर काम करने का आग्रह किया।

श्री रेड्डी ने आज तरनाका में सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र अध्यक्षों और समन्वयकों की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच एकता और कड़ी मेहनत की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने केंद्रीय कोयला और खान मंत्री की भूमिका संभालने के बाद अपनी पहली यात्रा में तेलंगाना में नवगठित कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह पिछली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार के ही समान कोई विकास कार्य नहीं कर रही है। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मोदी के विकास कार्यक्रमों ने भारत को विश्व स्तर पर शीर्ष देशों के साथ प्रतिस्पर्धी बना दिया है।



श्री रेड्डी ने उन्हें दूसरे कार्यकाल के लिए चुनने के लिए सिकंदराबाद के लोगों का आभार व्यक्त किया और उन्हें अपने निरंतर समर्थन और सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कोयला और खान मंत्री का पद सौंपने के लिए केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद दिया और कहा कि वह अपने विभाग के साथ न्याय करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने पार्टी सदस्यों के बीच एकता के महत्व पर जोर देते हुए 2029 में तेलंगाना में सरकार बनाने के भाजपा के लक्ष्य को दोहराया। उन्होंने अगले चुनाव से पहले निर्वाचन क्षेत्रों के आगामी पुनर्वितरण का उल्लेख किया, जिसमें एससी/एसटी निर्वाचन क्षेत्रों में वृद्धि और महिला आरक्षण के कारण महिलाओं के लिए अधिक अवसर शामिल होंगे।

उन्होंने अनुमान जताया कि आगामी चुनाव संसदीय विधानसभा चुनावों के साथ-साथ हो सकते हैं। श्री रेड्डी ने महिलाओं, युवाओं, किसानों और बेरोजगारों सहित विभिन्न समूहों से किए गए वादों को पूरा नहीं करने के लिए कांग्रेस पार्टी की आलोचना की। उन्होंने विधानसभा और संसदीय चुनावों में बीआरएस की हार भी जिक्र किया और इसके लिए लोगों द्वारा पारिवारिक शासन को खारिज करने और अहंकार को जिम्मेदार ठहराया। श्री रेड्डी ने कार्यकर्ताओं से आगामी हैदराबाद निगम चुनावों में भाजपा का झंडा फहराने का आह्वान किया और मोदी सरकार के समर्थन पर प्रकाश डाला। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य में अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अगले चार वर्षों में लगन से काम करने का आग्रह किया। श्री रेड्डी ने राज्य के विकास के लिए आवश्यक धन और संसाधनों को सुरक्षित करने का वादा करते हुए तेलंगाना और सिकंदराबाद के विकास के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की एवं सिकंदराबाद के लोगों का सम्मान बढ़ाने और गरीबों के कल्याण की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया।

# योग से हमारे कार्यों में कुशलता आती है : अपर्णा गर्ग

## आईआरआईएफएम में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस






**हैदराबाद, 22 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारतीय रेलवे वित्तीय प्रबंधन संस्थान (आईआरआईएफएम) में शुक्रवार 21 जून को सुबह 7.30 बजे से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विभिन्न योग सत्रों के साथ मनाया गया। सुश्री अपर्णा गर्ग, महानिदेशक/आईआरआईएफएम, जो एक प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक भी हैं, ने अपने संक्षिप्त संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि योग कर्मसु कौशलम (अपना काम कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से करना) है। हालांकि आसन का अभ्यास महत्वपूर्ण है, यह योग का केवल एक छोटा सा हिस्सा है। उन्होंने उपस्थित लोगों से यह भी कहा कि योग को आत्म-साक्षात्कार के उद्देश्य से जीवन का एक तरीका बनाया जाना चाहिए और यह पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन में सर्वश्रेष्ठ हासिल करने में मदद करेगा। अभिषेकानंद राव, डीन, जी. विश्वनाथन, प्रोफेसर, अन्य संकाय सदस्य, कर्मचारी और प्रशिक्षु एक घंटे लंबे सत्र में शामिल हुए। योग प्रशिक्षक सुश्री नोना मल्होत्रा ने सत्र का नेतृत्व किया।

# हाइलाइफ़ ज्वेल्स प्रदर्शनी जारी





**हैदराबाद, 22 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हाइलाइफ़ की तीन दिवसीय ज्वेल्स प्रदर्शनी एचआईसीसी नोवोटेल, हाईटेक सिटी में जारी है। प्रदर्शनी का उद्घाटन हाईलाइफ के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ एबे पी. डोमिनिक की उपस्थिति में नंदिनी गुप्ता (मिस इंडिया वर्ल्ड-2023), अभिनेत्री डोनल बिश्त ने किया। अवसर पर शहर की प्रमुख मॉडल, आभूषण डिज़ाइनर तथा आभूषण प्रेमी मौजूद थे।

प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद संयोजक एबे डोमिनिक ने बताया कि हाईलाइफ प्रदर्शनी देश भर में एक उत्तम ब्रांड के रूप में उभरी है, जहाँ देश-विदेश के आभूषण डिज़ाइनर और प्रमुख ब्रांड अपनी नवीनतम डिज़ाइन कलेक्शन प्रदर्शित करने के लिए लालयित हैं।

उन्होंने बताया कि यह देश की सबसे प्रीमियम और अपनी तरह की सबसे बड़ी आभूषण प्रदर्शनी है, जिसमें एक ही छत के नीचे देश के शीर्ष 100 आभूषण ब्रांड आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं । आभूषण प्रेमियों के लिए यह-अनूठा आयोजन है ।उन्होंने बताया कि हाईलाइफ प्रदर्शनी ने भारत के अलावा श्रीलंका, थाईलैंड, दुबई, दक्षिण अफ्रीका, सिंगापूर, यूके, अमेरिका और अन्य देशों में फैशन, आभूषण, जीवनशैली, विलासिता के उद्योग में सबसे विशेष पहचान बनायी है । इसमें आभूषण प्रेमियों के लिए कई तरह के विकल्प उपलब्ध हैं। यह प्रदर्शनी 23 जून को भी जारी रहेगी ।



विप्र समाज के राष्ट्रीय संगठन विप्र फाउण्डेश के तेलंगाना व आन्ध्र प्रदेश की इकाई विप्र फाउण्डेशन ज़ोन-16 के अध्यक्ष नियुक्त होने पर हरिकिशन ओझा एवं मंत्री रामदेव नागला का सम्मान करते हुए तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी संगठन के अध्यक्ष रमेश कुमार बंग, प्रकाश नारायण राठी, नन्दगोलाल भट्टड़, सुरेशचन्द्र काबरा, राधेश्याम राठी, सीएस द्वारका असावा, अमित झंवर, दीपक बंग, अनिरुद्ध कांकाणी, भरत सारडा, विजय व्यास एवं अन्य।



पिछले 35 वर्षों से गुण गुलाब मंडल द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यो मे अपनी सेवाएं देने के लिए निर्मलाबेन शांतिलाल गडा को सम्मानित करते हुए लक्ष्मीबेन नागडा, भानुबेन गाला, कुसुमबेन गोसर, चंदन काराणी, जयाबेन जागीरदार एवं अन्य।

## खेल अकादमी में प्रवेश हेतु आवेदन प्राप्त करें : आर. रामादेवी

**आसिफाबाद, 22 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

जिला युवा खेल विभाग अधिकारी आर. रमादेवी ने एक बयान में कहा कि तेलंगाना राज्य खेल अकादमी वर्ष 2024-25 के लिए प्रवेश के लिए आवेदन स्वीकार कर रही है। उन्होंने कहा कि इस माह की 27 तारीख को जिला केंद्र के आदिवासी खेल विद्यालय मैदान में कक्षा 4 में अध्ययनरत बालक-बालिकाओं के लिए चयन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। जिनका जन्म 1 सितंबर 2015 से 31 अगस्त 2016 के बीच हुआ है वे प्रतियोगिता के लिए पात्र हैं।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें X SCRailwayindia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (http://ireps.gov.in के माध्यम से)** PUB/0593

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद द्वारा निविदा की एकल पैकेट प्रणाली में निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित है।

**क्र.सं.:** 01 **एनआईटी संख्या:** ई(जीएस)/सीएन/2024-2025 दि.: 20-06-2024 **निविदा सं.:** 04-2024-25-ई-जीएस-सीएन **कार्य का नाम:** अहमदनगर-बीड-पारलीवैजनाथ नई बीजी लाइन की कनेक्टिविटी के संबंध में पारलीवैजनाथ स्टेशन पर प्रस्तावित जंक्शन व्यवस्था का विद्युतीकरण। **अनुमानित लागत:** रु. 69,59,625/- **पूधरा:** रु. 139200.00/- **दस्तावेज़ लागत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** 06 (महीने)। **बंद होने की तिथि:** 12/07/2024 को 15.00 बजे।

) बोली दस्तावेज और अन्य विवरण के लिए कृपया वेबसाइट http://ireps.gov.in को लॉग इन करें।
2) बयाना राशि जमा और निविदा दस्तावेज की लागत का भुगतान केवल नेट बैंकिंग/भुगतान गेटवे सुविधाओं के माध्यम से किया जाना चाहिए जो IREPS में ऑनलाइन उपलब्ध हैं।
3) निविदादाता अपने प्रस्ताव निविदा प्रस्तुत करने की अवधि, जो निर्षाविा बंद होने की तिथि से पंद्रह दिन पूर्व हे, में ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकीते हैं।
4) निविदादाता को निविदा प्रस्तुत करने की अवधि प्रारंभ होने की तिथि तक किसी भी शुद्धिपत्र (केवल ऑनलाइन जारी किये हुए) के लिए देखना होगा।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता-I /निर्माण/सिकंदराबाद**

**ई-निविदा सूचना सं. 11 - 2024 दिनांक: 20/06/2024** PUB/0594

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय/गुंतकल द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित हैं।

**क्र. सं.:** 01 **निविदा सं.:** इंजीनियरिंग-जीटीएल-पुल-1620 **कार्य का विवरण:** रेनिगुंटा-गुदुर खंड: पुल संख्या 33 यूपी के लिए एम60 ग्रेड के 4X12.20 मीटर यू आकार के पीएससी स्लैब (पोस्ट टेंशन) के साथ स्टील गर्डरों का प्रस्तावित प्रतिस्थापन। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 2,28,54,379.54 पैसे, **पूर्व धरोहर राशि:** रु. 2,64,300.00 पैसे।

**क्र. सं.:** 02 **निविदा सं.:** इंजीनियरिंग-जीटीएल-समन्वय-1621 **कार्य का विवरण:** गुंटकल डिवीजन: 2 (दो) वर्ष की अवधि के लिए यूएसएफडी डिजिटल वेल्ड टेस्टर्स के लिए प्रस्तावित वार्षिक रखरखाव। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 24,88,500.00 पैसे। **पूर्व धरोहर राशि:** रु. 49,800.00 पैसे.

**क्र. सं.:** 03 **निविदा सं.:** इंजीनियरिंग-जीटीएल-पश्चिम-1622 **कार्य का विवरण:** धर्मावरम-गूटी (यूपी और डीएन)- 5 किमी फेंसिंग लंबाई (चरण-I) के लिए प्रीकास्ट आरसीसी पैनल उल्टे टी तत्वों का उपयोग करके 130 किमी प्रति घंटे और उससे अधिक गति के लिए ट्रैक के साथ-साथ सुरक्षा बाड़ लगाने का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 2,18,24,619.00 पैसे। **पूर्व धरोहर राशि:** रु. 2,59,100.00 पैसे।

**क्र. सं.:** 04 **निविदा सं.:** इंजीनियरिंग-जीटीएल-पश्चिम-1623 **कार्य का विवरण:** धर्मावरम-गूटी (यूपी और डीएन) - 5 किलोमीटर की बाड़ की लंबाई के लिए बेज़िनल 2000 के साथ लेपित उच्च तन्यता वाले स्टील वायर के साथ फिक्स्ड नॉट बाड़ का उपयोग करके 130 किमी प्रति घंटे और उससे अधिक की गति के लिए ट्रैक के साथ-साथ सुरक्षा बाड़ लगाने का प्रावधान (चरण-I)। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,16,48, 102.00 पैसे. **पूर्व धरोहर राशि:** रु. 2,08,300.00 पैसे.

**क्र. सं.:** 05 **निविदा सं.:** इंजीनियरिंग-जीटीएल-मध्य-1624 **कार्य का विवरण:** कोंडापुरम-गूटी (यूपी और डीएन) - 5 किलोमीटर की बाड़ की लंबाई के लिए प्रीकास्ट आरसीसी पैनल उल्टे टी तत्वों का उपयोग करके 130 किमी प्रति घंटे और उससे अधिक की गति के लिए ट्रैक के साथ-साथ सुरक्षा बाड़ लगाने का प्रावधान (चरण-I)। **विज्ञापित मूल्य:** रु. : 2,21,24,497.17 पैसे। **पूर्व धरोहर राशि:** रु. 2,60,600.00 पैसे।

**बंद होने तिथि एवं समय:** 16.07.2024 को 15:00 बजे

कोई भी शुद्धिपत्र केवल ऑनलाइन पर जारी किया जाएगा

**मंडल रेल प्रबंधक, कार्य, गुंतकल**

**ई-निविदा सूचना. जीईएम/2024/बी/5064323 दि. 18.06.2024** PUB/0595

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (रखरखाव), गुंटूर द्वारा जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से निम्नलिखित ई-निविदाएँ आमंत्रित हैं।

**क्र.सं.:** 01 **निविदा संदर्भ सं.:** जीइएम/2024/बी/5064323 दि. 18.06.2024 **निविदा का शीर्षक:** 2 टन क्षमता वाले गैर एसी सकल वजन के 02 पिकअप वाहनों को ड्राइवर सहित केबिन में 5 सीटर के साथ 2500 किलोमीटर प्रति माह कुल 30000 किलोमीटर प्रति वर्ष एसएसई/ई/एम/जीएनटी और एसएसई/ ई/ एम/ एनडीएल के लिए 3 साल की अवधि के लिए किराये पर लेना। **अनुमानित मूल्य:** रु. 39,93,120-00 **पूर्व धरोहर राशि:** रु. 80,000-00 **निविदा फॉर्म की लागत (नॉन-रिफंडबल):** रु. : शून्य

**ई-बोली ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि और समय:** 10.07.2024 16.00 बजे तक

कोई भी अन्य संपर्क/शुद्धिपत्र केवल ई-पोर्टल **https://gem.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ रखरखाव/गुंटूर**

**निविदा सूचना संख्या: सीआरएस-ई-17-24-25** PUB/0597

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत **पीई/सीआरएस/टीपीटीवाई** द्वारा निम्नल्लिखित बंद होने की तिथि के अंतर्गत 15:00 बजे तक यहां उल्लेखित निविदा संख्या के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदाता केवल समापन तिथि और समय तक ही अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है, और प्राप्त होने वाले ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को अनदेखा कर दिया जाएगा।

**क्र.सं.:** 01 **निविदा सं.:** सीआरएस-ई-17-24-25 **कार्य का विवरण:** कैरिज रिपेयर शॉप, तिरुपति के स्प्रिंग शॉप में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए रखरखाव सुविधाएं **अनुमानित लागत:** रु. 35,43,370/- **बोली सुरक्षा:** रु. 70,900/- **पूरा होने की अवधि:** 30 दिन. **बंद होने की तिथि:** 11.07.2024 को 15:00 बजे।

वेबसाइट विवरण: www.ireps.gov.in

**नोटिस बोर्ड स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** सहायक मंडल विद्युत अभियंता का कार्यालय, कैरिज रिपेयर शॉप, तिरुपति।

**उत्पादन अभियंता, कैरिज रिपेयर शॉप, तिरुपति**

**ई-निविदा सूचना संख्या 439/डीआरएम/डब्ल्यू/जीएनटी** PUB/0596

नीचे उल्लिखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा **17.07.2024 के 15:30 बजे तक** ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**क्र.सं. :** 01 **निविदा आईडी:** 2702 सीनियर डीईएन/डीईएन: पश्चिम **कार्य का विवरण:** केसीडी डीकेडी स्टेशनों के बीच किमी 108/7-8 पर पुल संख्या 413ए के लिए मौजूदा 5X9.15 मीटर गर्डरों को 25 टी एक्सल लोडिंग मानक पीएससी स्लैब के साथ बदलना। **अनुमानित मूल्य:** रु.9835771/- **बोली सुरक्षा:** रु.196700/-

**क्र.सं. :** 02 **निविदा आईडी:** 2703 सीनियर डीईएन/डीईएन: पश्चिम **कार्य का विवरण:** एसडब्लू-1: डीईएन/पश्चिम/जीएनटी अनुभाग में दिव्यांगजन के लिए सुविधाओं में सुधार; एसडब्लू-2: गुंटूर में एचओजी कोचों के रखरखाव के लिए 750 वोल्ट एसी आपूर्ति के प्रावधान के लिए विद्युत व्यवस्था के संबंध में स्विच रूम और कंपाउंड वॉल का निर्माण। **अनुमानित मूल्य:** रु.14610231/- **बोली सुरक्षा:** रु.223100/-

**क्र.सं. :** 03 **निविदा आईडी:** 2704 सीनियर डीईएन/डीईएन: पश्चिम **कार्य का विवरण:** गुंटूर डिवीजन: लेवल क्रॉसिंग के बदले सबवे- 27 संख्या - यूएम एलसी संख्या 234,240,270,250, 274, 276,277,278 और 280 एनएलपीडी एनडीएल सेक्शन के बदले सबवे के बचे हुए सहायक कार्य। **अनुमानित मूल्य:** रु. 59296236/- **बोली सुरक्षा:** रु. 446500/-

**क्र.सं. :** 04 **निविदा आईडी:** 2705 सीनियर डीईएन/डीईएन: उत्तर **कार्य का विवरण:** गुंटूर डिवीजन: लेवल क्रॉसिंग के बदले सबवे - 27 संख्या - बीएन एनडीकेडी सेक्शन में यूएम एलसी संख्या 74 के बदले सबवे के बचे हुए सहायक कार्य, और यूएम एलसी संख्या 43 पर अतिरिक्त वेंट वे। **अनुमानित मूल्य:** रु. 28749713/- **बोली सुरक्षा:** रु.293800/-

**क्र.सं. :** 05 **निविदा आईडी:** 2706 सीनियर डीईएन/डीईएन: उत्तर **कार्य का विवरण:** गुंटूर डिवीजन: लेवल क्रॉसिंग के बदले सबवे - 27 संख्या - यूएम एलसी संख्या 58 जीएनटी-एनडीकेडी सेक्शन के बदले सबवे के बचे हुए सहायक कार्य और यूएम एलसी संख्या 261 टेली आरएएल सेक्शन के बदले सबवे। **अनुमानित मूल्य:** रु. 23736197/- **बोली सुरक्षा:** रु. 268700/-

**क्र.सं. :** 06 **निविदा आईडी:** 2707 सीनियर डीईएन/डीईएन: उत्तर **कार्य का विवरण:** गुंटूर डिवीजन: लेवल क्रॉसिंग के बदले सबवे - 27 नंबर - बीएन - एनडीकेडी सेक्शन में यूएम एलसी नंबर 17 और यूएम एलसी नंबर 23 पर अतिरिक्त वेंट वे के बदले सबवे के बचे हुए सहायक कार्य। **अनुमानित मूल्य:** रु. 28748709/- **बोली सुरक्षा:** रु. 293800/-

**क्र.सं. :** 07 **निविदा आईडी:** 2708 सीनियर डीईएन/डीईएन: उत्तर **कार्य का विवरण:** जीएनटी - वीजेए स्टेशनों के बीच किमी 19/5-7 पर एलसी नंबर एलसी नंबर 246 को बंद करना और यातायात को किमी 18/9-11 पर एलसी नंबर 245 पर डायवर्ट करना। **अनुमानित मूल्य:** रु. 22503847/- **बोली सुरक्षा:** रु. 262500/-

1. ई-बोली ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि **17.07.2024 को 15:30** बजे तक है। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉगऑन करें।
2. किसी भी अन्य संपर्क/शुद्धिपत्र की सूचना ई-पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से दी जाएगी।

**मंडल रेल प्रबंधक, निर्माण, गुंटूर**

A0750

अतिरिक्त निविदा शर्तों/विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपाया वेबसाइट : www.ireps.gov.in या http ://www.scr.indianrailways.gov.in देखें



शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME AND DOB**
I, Service No 14648310W, Rank-Hav,Name- Samant Kumar Verma presently residing at Q.No-100/8, Milkha Singh Colony,, Triumulgherry, Secunderabad PIN-500015,State-Telangana have changed my Mother name from GEETA VERMA to GITA VERMA and DOB from- 18/01/1956 to 01/05/1958 add in my service documents Before Notary Katluri Ravinder Rao, west Venkatapuram, Secunderabad dated 21/06/2024.

**CHANGE OF NAME**
I, SHINDE LAXMIBAI KESHAV is legally Mother of service No17026994H, Rank-HMT, Name-Shinde Govind Keshav, of unit-402 SATA Regt Wksp, C/o 99 APO,PIN-906402 R/O Vill-Khanapur, Post- Kingaon,Teh-Ahmedpur, Dist-Latur, State-Maharashtra PIN-413523 have changed my name from LAXMI to SHINDE LAXMIBAI KESHAV add my Son service documents before Notary G Ramchander, Secunderabad dated 22/06/2024.

**CHANGE OF NAME**
I, SABITA MEHER is legally wedded Spouse of service No JC -774450Y, Rank-SUB Name- SANJEEV KUMAR MEHER presently residing at Qtr No-5/1 RC Line Tirumulgherry, Secunderabad PIN-500015,State-Telangana have changed my name from SABITA MEHAR to SABITA MEHER add in my husband service documents before Notary G Ramchander Secunderabad dated 22/06/2024.

**CHANGE OF NAME**
I, JYOSHNA BORPATRA GOHAIN is legally wedded spouse of service No 14674921H Rank-Nk, Name-Palash Borpatra Gohain, of unit-402 SATA Regt Wksp, C/o 99 APO,PIN-906402 R/O Vill-Baithak,Post- Naruathan,Teh-Dhemaji, Dist-Dhemaji, State-Assam PIN-787057 have changed my name from JYOTSHNA BORPATRA GOHAIN to JYOSHNA BORPATRA GOHAIN add my Husband service documents before Notary G Ramchander, Secunderabad dated 22/06/2024.

शुभ लाभ DAILY खबरें जो सोच बदल दे

# सीएम रेवंत के झूठे प्रचार से जोसेफ गोएबल्स भी सहम गए होंगे : केटीआर

## बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने सीएम और उनकी सरकार पर जमकर साधा निशाना



**हैदराबाद, 22 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री के. टी. रामा राव (केटीआर) ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की कड़ी आलोचना की है और उन पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया है। श्री राव ने कहा कि यहां तक कि कुख्यात प्रचारक जोसेफ गोएबल्स भी श्री रेड्डी और उनकी सरकार द्वारा प्रचारित जबरदस्त झूठ से सहम गए होंगे।श्री राव ने शनिवार को एक बयान में इस बात पर जोर दिया कि यह बीआरएस ही थी जिसने 60 वर्षों तक तेलंगाना के लोगों की आकांक्षाओं को सही मायने में समझा और उनके लिए संघर्ष किया, जबकि कांग्रेस पार्टी ने इन आकांक्षाओं को नजरअंदाज किया तथा हजारों युवाओं की आवाज को दबाया और मार डाला। केटीआर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जब से श्री रेड्डी ने मुख्यमंत्री का पद संभाला है तेलंगाना के नागरिकों ने राज्य के हितों को कमजोर करने के लिए कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच मिलीभगत देखी है। उन्होंने दोहराया है कि पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व में बीआरएस ने तेलंगाना में कोयला ब्लॉकों की बिक्री का लगातार विरोध किया है और कभी भी किसी नीलामी में भाग नहीं लिया है। इसके विपरीत, कांग्रेस पार्टी तेलंगाना के हितों के साथ विश्वासघात करते हुए बेशर्मी से इन नीलामियों में भाग लेती है।

श्री राव ने कहा कि हालांकि केंद्र की भाजपा सरकार ने तेलंगाना के कोयला ब्लॉकों की एकतरफा नीलामी की, लेकिन बीआरएस के कड़े विरोध के कारण कोई खनन शुरू नहीं हुआ है। जिन कंपनियों को ये ब्लॉक आवंटित किए गए थे, वे बीआरएस के दृढ़ रुख के कारण प्रगति करने में असमर्थ रहे हैं। इसके अलावा श्री राव ने कहा कि जब महाराष्ट्र में कांग्रेस-शिवसेना की सरकार सत्ता में थी श्री रेड्डी द्वारा उल्लिखित दो कंपनियों ने महाराष्ट्र में तकली, जेना और बेलोरा में भी खदानें हासिल कीं। उन्होंने श्री रेड्डी को इस तथ्य को नजरअंदाज न करने की भी याद दिलाई।श्री राव ने कांग्रेस और भाजपा सरकारों पर तेलंगाना के अधिकारों, संपत्तियों तथा संसाधनों से समझौता करके अपराध में भागीदार होने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया है कि तेलंगाना की जनता जानती हैं कि कांग्रेस राज्य के तटवर्ती क्षेत्रों के अधिकारों की रक्षा करने में कैसे विफल रही और अब श्री रेड्डी के भाजपा के साथ सहयोग से सिंगरेनी के निजीकरण की योजना उजागर हो गई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तेलंगाना का इतिहास राज्य की कोयला खदानों की नीलामी में उनकी भूमिका के लिए श्री रेड्डी, उनके डिप्टी भट्टी विक्रमार्क और केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी को माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की जनता इन राष्ट्रीय दलों को उनके विश्वासघात के लिए उचित समय पर कड़ा जवाब देगी।

## जगन्नाथ मंदिर अत्तापुर में देवस्नान पूर्णिमा सम्पन्न





**हैदराबाद, 22 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री जगन्नाथ मंदिर, रामबाग, अत्तापुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देव स्नान पूर्णिमा शनिवार को पूर्वान्ह 11.00 बजे आयोजित की गई। सर्वप्रथम महिला व पुरुष भक्तों ने हनुमान मंदिर गौशाला से भगवान जगन्नाथ स्वामी, सुभद्रा माई एवं बलभद्र भैया के जलाभिषेक के लिए 108 कलश जल बावड़ी से भरकर हरि कीर्तन के साथ जगन्नाथ मंदिर में अपने हाथों से भगवान का जलाभिषेक किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेवी गोपाल बल्दवा ने भाग लिया। इस अवसर पर पंडित सुरेश शर्मा, विद्या देवी शर्मा, गोराजा ईनाणी, श्रवण कुमार व्यास एवं सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने पूजा, आरती में भाग लिया एवं पुण्य के भागी बने।





हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय अपने परिवार के सदस्यों के साथ शनिवार को द्वारकाधीश मंदिर, द्वारका, गुजरात में पूजा-अर्चना करते हुए।

## नि:शुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित



**हैदराबाद, 22 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** लायंस क्लब हैदराबाद समर्पण द्वारा शनिवार को किंग कोटी, हैदराबाद में दूसरा निःशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महेंद्र कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में कुल 500 पौधे वितरित किए गए, जिसमें हरियाली फैलाने और धरती मां की रक्षा करने का संदेश दिया गया। पौधा वितरण के दौरान महेंद्र कुमार गुप्ता अध्यक्ष, निर्मल कुमार जैन सचिव, सुरेंदर ठोलिया, प्रवीण खंडेलवाल, महेश अग्रवाल, प्रताप नारायण संघी, दीपक साध, राकेश अग्रवाल, रामनिवास बंसल, सारिका गुप्ता, मंजू ठोलिया, नीता खंडेलवाल, नंदिनी अग्रवाल, निर्मला संघी, ललिता बंसल आदि मौजूद रहीं।



श्री सिखवाल ब्राह्मण समाज भाग्यनगर द्वारा शनिवार को श्री राम दरबार पंचायती बाड़ा पर भगवान जगन्नाथ परिवार का जल अभिषेक का आयोजन किया गया। तत्पश्चात अलंकृत श्रृंगार आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज बंधु एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

## इरिसेट में मनाया गया 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया





**हैदराबाद, 22 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय रेल सिगनल इंजीनियरी एवं दूरसंचार संस्थान (इरिसेट) ने सिकंदराबाद स्थित अपने परिसर में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। सी के प्रसाद, डीन, वरिष्ठ अधिकारी, संकाय, कर्मचारी और प्रशिक्षुओं ने योगाभ्यास में भाग लिया। लगभग 200 प्रशिक्षुओं और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सी के प्रसाद, डीन ने सभा को संबोधित करते हुए योग के महत्व एवं तन और मन के बीच संतुलन पर बल दिया। योग को अपनाकर हम न केवल अपने जीवन को बेहतर बनाते हैं बल्कि एक स्वस्थ्य, खुशहाल कार्यस्थल एवं समाज में भी योगदान देते हैं तथा जागरूकता से सभी को मदद मिलती है और विशेष रूप से सिवदू कर्मचारियों को, जो ट्रेनों के सुरक्षित संचालन में प्रमुख भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग पर जोर दिया।



गोशामहल विधायक राजा सिंह एवं राकेश जयसवाल पार्षद जामबाग ने शनिवार को मंडल के गोशामहल विधानसभा क्षेत्र में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके तहत फूल मंडी में 12 लाख रुपए की लागत से नई पाइप लाइन बिछाई जाएगी। फूल मार्केट की नई सीसी रोड की लागत 26 लाख रुपए की लागत से निर्माण होगा। इस अवसर पर शंकर यादव पार्षद बेगमबाजार, पांडु यादव अध्यक्ष गोलकोंडा जिल्ला, गोपाल, अमर सिंह, कृष्णा, मयूर, अनिल यादव, दसारी अनिल, रेणुका, काजल, रघु, संदीप, प्रवीण और गोशामहल विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.